भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1200
सोमवार, 11 दिसम्बर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा देने हेतु कदम

†1200. **श्री बालाशौरी वल्लभनैनी:**
श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत भ्रमण वर्ष-2023 'अतुल्य भारत' कार्यक्रम के तहत विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या वर्तमान वर्ष की पहली छमाही में विदेशी पर्यटकों का आगमन उसी स्तर पर पहुंच गया है जितना 2019 की पहली छमाही में था;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफटीए) को बढ़ावा देने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं; और

(घ) वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी कितनी है और इसे दोगुना करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय एकीकृत विपणन एवं संवर्धन कार्यनीति तथा यात्रा व्यापार जगत, राज्य सरकारों और विदेशी बाजारों में स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान चलाता है । पर्यटन मंत्रालय भारत के विविध पर्यटन उत्पादों के संवर्धन के लिए औद्योगिक विशेषज्ञों और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर बातचीत करता है और उनके सुझाव तथा प्रतिक्रिया लेता है । पर्यटक आगमन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने ''अतुल्य भारत! विजिट इंडिया ईयर 2023'' की घोषणा की है ।

वर्ष 2019 के पूर्वाद्ध और चालू वर्ष में विदेशी पर्यटक आगमन निम्नानुसार है:

विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए)

2019 (जनवरी से जून)	2023 (जनवरी से जून)
52,96,025	43,80,239

भारत में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में वृद्धि के लिए पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2023 में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय यात्रा मेलों में भाग लिया जैसे कि एफआईटीयूआर 2023, मैड्रिड, स्पेन (18-22 जनवरी, 2023); आईटीबी बर्लिन (7-9 मार्च 2023); अरेबियन ट्रैवल मार्किट 2023, दुबई (1-4 मई 2023); आईएमईएक्स फ्रैंकफर्ट (17-19 अक्तूबर 2023); ओटीडीवाईकेएच लेज़र, मॉस्को, रूस (12-14 सितम्बर, 2023); टॉप रेसा, पेरिस, फ्रांस (3-5 अक्तूबर 2023); आईटीबी, एशिया, सिंगापुर (25-27 अक्तूबर, 2023); जेएटीए, ओसाका, जापान (26-29 अक्तूबर, 2023); डब्ल्यूटीएम लंदन (6-8 नवम्बर 2023) ।

वर्ष 2022 की स्थिति के अनुसार वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी 1.48*% (अनंतिम) है ।

पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों और पर्यटन गंतव्यों के संवर्धन के लिए पर्यटन सृजनकारी बाजारों में भारत का संवर्धन एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में करता है ।

*****